रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS
०५/२०२४ - एनटीपीसी स्नातक स्तर - CEN - 05/2024 - NTPC Graduate Level

| | |
|---|---|
| Test Date | 20/06/2025 |
| Test Time | 9:00 AM - 10:30 AM |
| Subject | RRB NTPC Graduate Level I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **RRB NTPC Graduate Level I**

**Q.1** **जनवरी 2025 में, निम्नलिखित में से किसे CRPF का महानिदेशक नियुक्त किया गया?**

**Ans**
✗ 1. मनीष सिंघल
✗ 2. संजीव रंजन
✓ 3. ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह
✗ 4. बहादुर सिंह सागू

**Q.2** **वित्त मंत्रालय द्वारा अधिसूचित, माल एवं सेवा कर (उगाही एवं उपकरों के संग्रहण की अवधि) नियम, 2022 के अनुसार, भारत में किस दिनांक तक GST क्षतिपूर्ति उपकर लगाया जाएगा?**

**Ans**
✓ 1. 31 मार्च 2026
✗ 2. 31 दिसंबर 2025
✗ 3. 31 दिसंबर 2026
✗ 4. 30 जून 2025

**Q.3** **निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है?**

**A) जब एक तिर्यक छेदी रेखा, दो रेखाओं को इस प्रकार काटती है कि संगत कोणों का युग्म बराबर हो, तो रेखाएँ समांतर होती हैं।**
**B) जब एक तिर्यक छेदी रेखा, दो रेखाओं को इस प्रकार काटती है कि एकांतर अंतः कोणों का युग्म बराबर हो, तो रेखाएँ समांतर होती हैं।**
**C) जब एक तिर्यक छेदी रेखा, दो रेखाओं को इस प्रकार काटती है कि तिर्यक छेदी रेखा के एक ही ओर स्थित अंतः कोणों का युग्म पूरक होता है, तो रेखाएँ समांतर होती हैं।**
**D) जब एक तिर्यक छेदी रेखा, दो रेखाओं को इस प्रकार काटती है कि तिर्यक छेदी रेखा के एक ही ओर स्थित अंतः कोणों का युग्म संपूरक होता है, तो रेखाएँ समांतर होती हैं।**

**Ans**
✗ 1. केवल D
✗ 2. केवल A
✓ 3. केवल C
✗ 4. केवल B

**Q.4** **भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में अग्रणी भूमिका निभाने और विदेश में भारतीय राष्ट्रीय ध्वज का पहला संस्करण फहराने के लिए किसे 'भारतीय क्रांति की जननी' के रूप में जाना जाता है?**

**Ans**
✗ 1. विजया लक्ष्मी पंडित
✓ 2. मैडम भीकाजी कामा
✗ 3. एनी बेसेंट
✗ 4. सरोजिनी नायडू

**Q.5** मार्च 2025 तक की स्थिति के अनुसार, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (NHM) के तत्वावधान में राष्ट्रीय TB उन्मूलन कार्यक्रम (NTEP) भारत में कितने दिनों के लिए लागू किया गया था?

**Ans**
- ✗ 1. 90
- ✗ 2. 150
- ✓ 3. 100
- ✗ 4. 120

**Q.6** यदि एक आयत की लंबाई 6 m बढ़ा दी जाए और चौड़ाई 5 m घटा दी जाए, तो इसका क्षेत्रफल 7 $m^2$ बढ़ जाता है। यदि लंबाई 6 m घटा दी जाए और चौड़ाई 7 m बढ़ा दी जाए, तो इसका क्षेत्रफल 31 $m^2$ जाता है। मूल आयत का परिमाप (m में) कितना है?

**Ans**
- ✓ 1. 214
- ✗ 2. 215
- ✗ 3. 217
- ✗ 4. 216

**Q.7** यदि संख्या 7532168 में प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक सम अंक में से 2 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में बायें से तीसरे तथा दायें से दूसरे अंक के मध्य क्या अंतर होगा?

**Ans**
- ✓ 1. 0
- ✗ 2. 1
- ✗ 3. 4
- ✗ 4. 3

**Q.8** P, Q, R, S, T, U और V में से प्रत्येक की परीक्षा सोमवार को शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन होती है। P की परीक्षा बुधवार को होती है। P और S के बीच ठीक 3 लोगों की परीक्षा होती है। V की परीक्षा T के ठीक बाद होती है, और Q की परीक्षा T से ठीक पहले होती है। U और T के बीच केवल 3 लोगों की परीक्षा होती है। Q के बाद कितने लोगों की परीक्षा होती है?

**Ans**
- ✗ 1. 2
- ✓ 2. 3
- ✗ 3. 1
- ✗ 4. 4

**Q.9** दी गई श्रृंखला में प्रश्नचिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

536, 513, 480, ?, 384, 321

**Ans**
- ✗ 1. 447
- ✓ 2. 437
- ✗ 3. 457
- ✗ 4. 427

**Q.10** निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।
(नोट: सभी संख्याएँ केवल एकल अंक वाली संख्याएँ हैं।)

(बाएं) @ 2 % * 4 2 & £ % 1 £ & 9 7 & 9 7 $ 9 1 $ 2 (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या है और ठीक बाद में एक प्रतीक भी है?

**Ans**
- ✗ 1. 5
- ✗ 2. 4
- ✓ 3. 3
- ✗ 4. 2

**Q.11** यदि a + b = 46 और $(a - b)^2 = 612$ है, तो a और b के गुणनफल का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 428
2. 460
3. 405
4. 376 ✔

**Q.12** निम्नलिखित में से कौन-सा देश पूरी तरह से स्थलरूद्ध है और भारत के साथ खुली सीमा साझा करता है?

Ans
1. नेपाल ✔
2. अफ़गानिस्तान
3. म्यांमार
4. बांग्लादेश

**Q.13** यदि संख्या 248937615 में प्रत्येक सम अंक में 1 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक विषम अंक में से 1 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में सभी विषम अंकों का योगफल क्या होगा?

Ans
1. 22
2. 26
3. 24 ✔
4. 20

**Q.14** निम्नलिखित में से कौन, सातवाहन वंश का प्रसिद्ध शासक था?

Ans
1. कनिष्क
2. वसुमित्र सातकर्णि
3. गौतमीपुत्र सातकर्णि ✔
4. भगभाद्रा

**Q.15** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर समूह, उसमें व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
1. JLG
2. FHC
3. LNJ ✔
4. HJE

**Q.16** निम्नलिखित आँकड़ों की माध्यिका क्या है?

65, 67, 32, 16, 64, 27, 37, 16, 43, 85, 77

Ans
1. 43.5
2. 43 ✔
3. 42.5
4. 44

**Q.17** थार रेगिस्तान में पाए जाने वाले अर्धचंद्राकार रेत के टीलों को क्या कहा जाता है?

Ans
1. इन्सेलबर्ग्स (Inselbergs)
2. यार्डांग्स (Yardangs)
3. अर्ग (Ergs)
4. बार्चन्स (Barchans) ✔

Q.18 निम्नलिखित में से किस टेनिस खिलाड़ी ने 2024 यूएस ओपन पुरुष एकल खिताब जीता, जो उनकी दूसरी ग्रैंड स्लैम जीत है?

Ans
1. कार्लोस अलकराज (Carlos Alcaraz)
2. जैनिक सिनर (Jannik Sinner)
3. नोवाक जोकोविच (Novak Djokovic)
4. डेनियल मेदवेदेव (Daniil Medvedev)

Q.19 एक्सेल वर्कबुक में किए गए परिवर्तनों को नए फ़ाइल नाम से संरक्षित करने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी क्रिया आवश्यक है?

Ans
1. File टैब से 'Print' पर क्लिक करना
2. बिना सेव किए एप्लिकेशन को बंद करना
3. 'Save As' को सेलेक्ट करना और एक नए नाम या स्थान का चयन करना
4. Ctrl+P दबाना

Q.20 $\left[\left(26 \div \frac{2}{2}\right) \times \left\{6 \div 2 \times \frac{12-2}{2}\right\} \div \{5 \times 6 \div 3\}\right]$ का सरलीकृत मान ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 65
2. 78
3. 39
4. 52

Q.21 एक आयताकार पार्क की लंबाई और चौड़ाई के बीच का अनुपात 3 : 8 है, और पार्क का परिमाप 264 m है। पार्क का क्षेत्रफल ($m^2$ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 3455
2. 3460
3. 3456
4. 3451

Q.22 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर SUZD किसी निश्चित तरीके से ACHL से संबंधित है। YAFJ उसी तरीके से GINR से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, WYDH निम्नलिखित में से किस विकल्प से संबंधित है?

Ans
1. GPEL
2. EGPL
3. GPLE
4. EGLP

Q.23 दी गई श्रृंखला में प्रश्नचिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

912 910 920 918 928 ? 936

Ans
1. 924
2. 926
3. 928
4. 930

Q.24 एक आदमी को धारा की दिशा में 66 km तैरने में 6 घंटे लगते हैं। वह उतने ही समय में धारा की विपरीत दिशा में 42 km तैर पाता है। स्थिर जल में नाव की चाल (km/hr में) कितनी है?

Ans
1. 13
2. 16
3. 17
4. 9

Q.25 एक निश्चित कूट भाषा में, 'VEST' को '3649' और 'SOAP' को '1295' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई कूट भाषा में 'S' के लिए कूट क्या होगा?

Ans
1. 2
2. 9
3. 1
4. 4

Q.26 निम्न में से कौन सी विधि विंडोज़ में किसी फ़ाइल या फ़ोल्डर को रिनेम (rename) करने का सबसे सरल तरीका है?

Ans
1. Ctrl + R दबाएँ
2. फ़ाइल/फ़ोल्डर पर राइट-क्लिक करें → Rename सलेक्ट करें
3. फ़ाइल ओपेन करने के लिए उस पर डबल-क्लिक करें
4. फ़ाइल को रीसायकल बिन में ड्रैग करें

Q.27 P, Q, R, S, T, U और V में से प्रत्येक की परीक्षा सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन है। T की परीक्षा बुधवार को है। S और R के बीच ठीक 4 व्यक्तियों की परीक्षा है, जिनमें से किसी की भी परीक्षा सोमवार को नहीं है। Q की परीक्षा P से ठीक पहले और V की परीक्षा P के ठीक बाद है। U की परीक्षा S से ठीक पहले है। रविवार को किसकी परीक्षा है?

Ans
1. U
2. S
3. P
4. R

Q.28 निम्नलिखित में से किस स्थान पर मार्च 2025 में PHDCCI अंतर्राष्ट्रीय सप्ताह आयोजित किया जाना था, जिसे अब स्थगित कर दिया गया है?

Ans
1. मुंबई
2. सूरत
3. ग्रेटर नोएडा
4. नई दिल्ली

Q.29 प्रशीतन संयंत्रों से निकलने वाले फ्रीऑन का वायुमंडल पर प्राथमिक पर्यावरणीय प्रभाव क्या है?

Ans
1. समतापमंडलीय ओजोन क्षरण
2. ऑक्सीजन स्तर में वृद्धि
3. नाइट्रोजन में वृद्धि
4. ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कमी

Q.30 भारतीय संविधान के निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद में भारत के संघ लोक सेवा आयोग के गठन के संबंध में चर्चा की गई है?

Ans
1. अनुच्छेद 317
2. अनुच्छेद 318
3. अनुच्छेद 315
4. अनुच्छेद 316

Q.31 क्रमशः p cm और q cm भुजाओं वाले दो वर्गों के क्षेत्रफल का योगफल 317 $cm^2$ है और उनके परिमापों का योगफल 100 cm है। p और q का गुणनफल ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 147 $cm^2$
2. 154 $cm^2$
3. 135 $cm^2$
4. 108 $cm^2$

Q.32 निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए जिससे कि :: के बाईं ओर वाले अक्षर-समूह युग्म के बीच का पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर वाले अक्षर-समूह युग्म के बीच के पैटर्न और संबंध के समान हो?

# : UEQ :: VFR : %

Ans
1. # = LUG, % = FPB
2. # = KTG, % = FPB
3. # = KUG, % = FPU
4. # = KUG, % = FPB

Q.33 एक परिदृश्य पर विचार करें जहां एक उपयोगकर्ता टच-सेंसिटिव डिस्प्ले के साथ इंटरैक्ट करता है। निम्नलिखित में से कौन-सा कंप्यूटर सिस्टम के भीतर इस घटक की कार्यात्मक द्वैतता का सबसे अच्छा वर्णन करता है?

Ans
1. यह एक इनपुट डिवाइस के रूप में कार्य करता है, जो टच इनपुट का पता लगाता है, तथा एक आउटपुट डिवाइस के रूप में कार्य करता है, जो सूचना और दृश्य अनुक्रियाओं को प्रदर्शित करता है।
2. यह केवल एक इनपुट डिवाइस के रूप में कार्य करता है, तथा उपयोगकर्ता के टच संकेतों और आदेशों को ग्रहण करता है।
3. यह केवल आउटपुट डिवाइस के रूप में कार्य करता है, तथा उपयोगकर्ता के कार्यों का दृश्य फीडबैक प्रदर्शित करता है।
4. इसकी प्राथमिक भूमिका डेटा भंडारण, बाद के प्रोसेस के लिए उपयोगकर्ता इंटरैक्शन को बनाए रखना है।

Q.34 2011 की जनगणना के अनुसार, भारत के निम्नलिखित में से किस नगरीय समूह की जनसंख्या सर्वाधिक है?

Ans
1. दिल्ली
2. कोलकाता
3. बेंगलुरु
4. मुंबई

Q.35 महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण पर स्त्री शिखर सम्मेलन (STREE Summit) 2025 का आयोजन 15 अप्रैल 2025 को भारत के किस शहर में किया गया था?

Ans
1. पटना
2. नई दिल्ली
3. हैदराबाद
4. अहमदाबाद

Q.36 कौन-सा प्रमुख बंदरगाह भारत के पश्चिमी तट पर स्थित नहीं है?

Ans
1. विशाखापट्टनम
2. कंडला
3. मंगलौर
4. कोचीन

Q.37 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से ASXZ का संबंध DVAC से है। उसी तरीके से MEJL का संबंध PHMO से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, VNSU का संबंध निम्नलिखित में से किस विकल्प से है?

Ans
1. YQXV
2. YQVX
3. YVXQ
4. YVQX

Q.38 ₹3,000 की धनराशि पर 8% वार्षिक ब्याज दर से 14 फरवरी 2024 से 15 अप्रैल 2024 तक की अवधि के लिए साधारण ब्याज (₹ में, निकटतम पूर्णांक तक) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 38
2. 41
3. 39
4. 40

Q.39 एक निश्चित कूट भाषा में, 'MAZE' को '3647' और 'ZIPS' को '1275' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई कूट भाषा में 'Z' के लिए कूट क्या होगा?

Ans
1. 2
2. 4
3. 1
4. 7

Q.40 यह प्रश्न नीचे दी गई पाँच, तीन-अंकीय संख्याओं पर आधारित है।

(बाएं) 497 581 452 460 775 (दाएं)

(उदाहरण- 697 – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
(नोट: सभी संक्रियाएं बाएं से दाएं की जानी हैं।)

यदि सबसे बड़ी संख्या के दूसरे अंक को सबसे छोटी संख्या के दूसरे अंक से घटाया जाए तो परिणाम कितना होगा?

Ans
1. −3
2. −2
3. −1
4. 1

Q.41 गिनी गुणांक (Gini Coefficient) का उपयोग निम्नलिखित में से किसको मापने के लिए किया जाता है?

Ans
1. उपभोग व्यय (Consumption expenditure)
2. निरपेक्ष निर्धनता (Absolute poverty)
3. आय असमानता (Income inequality)
4. बेरोजगारी दर (Unemployment rate)

Q.42 भारत में गणतंत्र दिवस 2025 समारोह की थीम क्या थी?

Ans
1. स्वर्णिम भारत: विरासत और विकास
2. इंडिया@75: आगे बढ़ता राष्ट्र
3. संविधान का कीर्तिगान
4. अनेकता में एकता

Q.43 परावर्तन के द्वितीय नियम के अनुसार, सभी आपतित किरण, आपतन बिंदु पर दर्पण के अभिलंब और परावर्तित किरण ________________ होती हैं।

Ans
1. अलग-अलग तलों में स्थित
2. एक-दूसरे के समानांतर
3. एक ही तल में स्थित
4. एक-दूसरे के परस्पर लंबवत

Q.44 विश्व बैंक के 2021 के आंकड़ों के अनुसार, 2.15 डॉलर प्रति दिन (2017 PPP) पर भारत की गरीबी दर कितनी थी?

Ans
1. 10.5%
2. 12.92%
3. 15%
4. 8.9%

Q.45 1853 के चार्टर अधिनियम के अनुसार, गवर्नर जनरल की परिषद में विधायी सदस्यों की संख्या कितनी थी?

Ans
1. 2
2. 14
3. 4
4. 12

**Q.46** एक वस्तु को ₹x में बेचा जाता है। यदि इसे इस मूल्य के 25% पर बेचा जाए, तो 50% की हानि होगी। इसे ₹x में बेचने पर प्रतिशत लाभ कितना होगा?

**Ans**

✗ 1. 101%

✗ 2. 98%

✓ 3. 100%

✗ 4. 97%

---

**Q.47** महेश ने बैंक से ₹3,200 निकाले। उसे ₹50 और ₹100 मूल्यवर्ग के कुल 33 नोट मिले। उसे मिले ₹50 के नोटों की संख्या कितनी थी?

**Ans**

✗ 1. 12

✓ 2. 2

✗ 3. 9

✗ 4. 10

---

**Q.48** 2019-20 से 2023-24 तक प्रमुख अवसंरचना क्षेत्रों पर केंद्र सरकार द्वारा पूंजीगत व्यय में वृद्धि की दर कितनी थी?

**Ans**

✗ 1. 30%

✗ 2. 35%

✗ 3. 25%

✓ 4. 39%

---

**Q.49** B बिंदु U से ड्राइव करना शुरू करता है और दक्षिण की ओर 5 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है, 2 km ड्राइव करता है, दाएं मुड़ता है और 16 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 3 km ड्राइव करता है, बाएं मुड़ता है और 1 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है, 2 km ड्राइव करता है। वह अंत में दाएं मुड़ता है, 12 km ड्राइव करता है और बिंदु X पर रुकता है। बिंदु U पर फिर से पहुंचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं)।

**Ans**

✗ 1. 3 km पूर्व की ओर

✗ 2. 7 km उत्तर की ओर

✗ 3. 5 km दक्षिण की ओर

✓ 4. 3 km पश्चिम की ओर

---

**Q.50** निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह दी गई शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर रखे जाने से शृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी?

LOH 1, JMG 4, HKF 9, FIE 16, ?

**Ans**

✗ 1. EFD 36

✗ 2. DGD 36

✓ 3. DGD 25

✗ 4. EFG 25

---

**Q.51** 3, 9 और 4 का चतुर्थानुपाती, A और 12 के तृतीयानुपाती के बराबर है। A का मान कितना है?

**Ans**

✗ 1. 9

✓ 2. 12

✗ 3. 15

✗ 4. 13

Q.52 यह प्रश्न नीचे दी गई पाँच, तीन अंकीय संख्याओं पर आधारित है।
(बाएं) 190 735 494 761 781 (दाएं)

(उदाहरण - 697 – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
(नोट: सभी संक्रियाएँ बाएं से दाएं की जानी हैं।)

सबसे बड़ी संख्या के दूसरे अंक को सबसे छोटी संख्या के दूसरे अंक से घटाने पर प्राप्त परिणाम ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 2
✗ 2. −2
✓ 3. 1
✗ 4. −1

Q.53 30 विद्यार्थियों की एक कक्षा ने एक परीक्षा दी। 12 विद्यार्थियों के औसत अंक 70 है, तथा शेष विद्यार्थियों के औसत अंक 62 है। समस्त कक्षा के औसत अंक ज्ञात कीजिए।

Ans
✓ 1. 65.2
✗ 2. 66.2
✗ 3. 63.2
✗ 4. 64.2

Q.54 कलकत्ता में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 1886 के अधिवेशन के दौरान इंग्लैंड और भारत में एक साथ भारतीय सिविल सेवा परीक्षा आयोजित करने की प्रमुख मांग की गई थी। इस अधिवेशन की अध्यक्षता किसने की थी?

Ans
✗ 1. डब्ल्यू.सी. बनर्जी
✗ 2. सुरेंद्रनाथ बनर्जी
✓ 3. दादाभाई नौरोजी
✗ 4. बदरुद्दीन तैयबजी

Q.55 विभाजन विधि द्वारा दो संख्याओं का म.स.प. (HCF) ज्ञात करने पर, भागफल क्रमशः 1, 4 और 6 प्राप्त होते हैं तथा अंतिम भाजक 29 है। दोनों संख्याओं का ल.स.प. (LCM) ज्ञात कीजिए।

Ans
✓ 1. 22475
✗ 2. 22480
✗ 3. 22470
✗ 4. 22476

Q.56 अशोक ने धम्म के प्रसार के लिए विशेष अधिकारी नियुक्त किए थे, जिन्हें किस नाम से जाना जाता था?

Ans
✗ 1. पुरोहित
✗ 2. राजुक
✓ 3. धम्म महामात्र
✗ 4. महामात्र

Q.57 यदि किसी संख्या का 66% किसी अन्य संख्या के $\frac{5}{7}$ वें भाग के बराबर है, तो पहली संख्या संख्या और दूसरी संख्या का अनुपात ज्ञात कीजिए।

Ans
✓ 1. $250 : 231$
✗ 2. $249 : 235$
✗ 3. $246 : 229$
✗ 4. $252 : 233$

Q.58 यदि संख्या 6185742 के प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ा जाता है और प्रत्येक सम अंक में से 2 घटाया जाता है, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में सबसे बड़े अंको तथा सबसे छोटे अंकों का योगफल कितना होगा?

Ans
✔ 1. 8
✘ 2. 6
✘ 3. 9
✘ 4. 7

Q.59 द्विघात समीकरण $7x^2 - 28x + 21 = 0$ के लिए मूलों का योगफल कितना है?

Ans
✘ 1. 2
✘ 2. 5
✔ 3. 4
✘ 4. 3

Q.60 जब आप किसी मौजूदा MS पावरपाइंट प्रेजेंटेशन पर टेम्पलेट लागू करते हैं तो निम्न में से क्या होता है?

Ans
✔ 1. यह मौजूदा स्लाइड कंटेंट को बनाए रखते हुए न्यू डिज़ाइन लागू करता है।
✘ 2. यह सभी स्लाइड और कंटेंट को पूरी तरह से बदल देता है।
✘ 3. यह टेक्स्ट फ़ॉर्मेटिंग को प्रभावित किए बिना केवल बैकग्राउंड बदलता है।
✘ 4. यह पावरपाइंट प्रेजेंटेशन को रीड-ओनली फ़ॉर्मेट में बदल देता है।

Q.61 2418.4 × 795.8 × 0.3735 का मान ______ के बराबर है।

Ans
✘ 1. 2.4184 × 7.958 × 373.5
✔ 2. 24.184 × 7958 × 3.735
✘ 3. 2.4184 × 79.58 × 37.35
✘ 4. 241.84 × 795.8 × 373.5

Q.62 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन किसी निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस समूह से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✘ 1. PS - MP
✘ 2. IL - FI
✘ 3. SV - PS
✔ 4. MH - KJ

Q.63 एक इलेक्ट्रिक पंप एक टैंक को 6 घंटे में भर सकता है। टैंक में रिसाव के कारण, टैंक को भरने में $7\frac{1}{3}$ घंटे लगते हैं। यदि इस अवधि के दौरान किसी अन्य बिंदु से पानी टैंक में न तो आता है और न ही बाहर जाता है, तो इस रिसाव से पूरा टैंक कितने समय में खाली हो जाएगा?

Ans
✔ 1. 33 घंटे
✘ 2. 16 घंटे
✘ 3. 22 घंटे
✘ 4. 28 घंटे

Q.64 यदि आंकड़ों का माध्य 43 है और माध्यिका 78 है, तो आंकड़ों का बहुलक (मूलानुपाती सूत्र का उपयोग करते हुए) ज्ञात कीजिए।

Ans
✔ 1. 148
✘ 2. 213
✘ 3. 102
✘ 4. 80

Q.65 $\frac{3}{\sin^2A\ \sec A} \times 3\sqrt{\tan^2A - \sin^2A}$ का मान ज्ञात करें।

Ans
1. 3 sinA
2. 9 ✔
3. 9 tanA
4. 3

Q.66 स्थिर जल में नाव की चाल 12 m/hr है और धारा की चाल 10 m/hr है। एक व्यक्ति 24.2 km की दूरी पर स्थित एक स्थान तक नाव चलाता है और प्रारंभिक बिंदु पर वापस आता है। उसके द्वारा लिया गया कुल समय (घंटों में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 5.8
2. 13.2 ✔
3. 7.8
4. 4.1

Q.67 एक पाइप एक टैंक को 12 घंटे में भर सकता है। एक अन्य पाइप भरे हुए टैंक को 14 घंटे में खाली कर सकता है। यदि दोनों पाइपों को एक साथ खोल दिया जाए, तो टैंक को भरने में लगने वाला समय (घंटों में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 87
2. 85
3. 86
4. 84 ✔

Q.68 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, ZRVY का संबंध एक निश्चित तरीके से TLPS से है। उसी प्रकार, WOSV का संबंध QIMP से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, UMQT का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है?

Ans
1. OGNK
2. GOKN
3. GONK
4. OGKN ✔

Q.69 केशव का वेतन ₹13,000 प्रति माह है। वह ₹4,000 घर के किराए पर, ₹1,500 बिलों पर खर्च करता और शेष की मासिक बचत करता है। यदि उसने अपने जन्मदिन वाले महीने में जन्मदिन मनाने के लिए अपनी पूरी मासिक बचत खर्च कर दी, एक वर्ष में उसकी कुल बचत (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 90,000
2. 82,500 ✔
3. 67,500
4. 75,000

Q.70 30 पुस्तकों का विक्रय मूल्य 36 पुस्तकों के क्रय मूल्य के बराबर है। हानि अथवा लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans
1. $20\%$ लाभ ✔
2. $20\%$ हानि
3. $\frac{50}{3}\%$ हानि
4. $\frac{50}{3}\%$ लाभ

**Q.71** **निम्नलिखित में से किस परिदृश्य मे सामान्य कंप्यूटर ऑपरेशन के दौरान 'पेज फॉल्ट (page fault)' त्रुटि होने की सबसे अधिक संभावना होती है?**

**Ans**
❌ 1. CPU कैश में संग्रहीत डेटा तक पहुंचना
❌ 2. किसी निर्देश को सीधे BIOS से निष्पादित करना
❌ 3. डेटा को रीड ओन्ली मेमोरी (read-only memory) लोकेशन पर लिखना
✅ 4. उस मेमोरी एड्रेस तक पहुंचने का प्रयास करना जिसे हार्ड ड्राइव में बदल (swap) दिया गया है

**Q.72** **A, B, L, M, S, T और Z एक गोल मेज के परित: केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। Z, B के दाएं से चौथे स्थान पर बैठा है। L के बाएं से गिनने पर L और T के बीच केवल दो लोग बैठे हैं। M, S के बाएं से तीसरे स्थान पर बैठा है। S और T का निकटतम पड़ोसी N है। N के बाएं से गिनने पर Z और N के बीच कितने लोग हैं?**

**Ans**
❌ 1. 1
❌ 2. 3
❌ 3. 2
✅ 4. 4

**Q.73** **भारतीय संसदीय प्रणाली में, लोकसभा का कार्यकाल समाप्त होने से पहले ही उसे भंग करने का अधिकार किसके पास होता है?**

**Ans**
✅ 1. प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति को इसे भंग करने की सलाह देते हैं।
❌ 2. यह निर्णय लोकसभा अध्यक्ष लेता है।
❌ 3. मंत्रिपरिषद इस संबंध में एक प्रस्ताव पारित करती है।
❌ 4. भारत के मुख्य न्यायाधीश विघटन का आदेश देते हैं।

**Q.74** **2002 में, विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम में संशोधन का मुख्य उद्देश्य क्या था?**

**Ans**
❌ 1. लोक अदालतों को उच्च न्यायालयों में विलय करना
❌ 2. सभी नियमित अदालतों के स्थान पर लोक अदालतें स्थापित करना
❌ 3. फ़ौजदारी मामलों को निपटाने के लिए लोक अदालतों को अनुमति देना
✅ 4. सार्वजनिक उपयोगिता सेवा विवादों के लिए स्थायी लोक अदालतें स्थापित करना

**Q.75** **दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।**

**कथन:**
**सभी चेन, ब्रेसलेट हैं।**
**सभी ब्रेसलेट, रिंग हैं।**
**कुछ रिंग, टॉप हैं।**

**निष्कर्ष:**
**(I) सभी चेन, रिंग हैं।**
**(II) कुछ टॉप, चेन हैं।**

**Ans**
❌ 1. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है
❌ 2. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं
❌ 3. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है
✅ 4. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है

**Q.76** **कौन-सी मृदा नाइट्रोजन और फास्फोरस में कम लेकिन लौह और एल्यूमीनियम में समृद्ध होती है?**

**Ans**
❌ 1. काली मृदा
❌ 2. जलोढ मृदा
❌ 3. मरूस्थलीय मृदा
✅ 4. लैटेराइट मृदा

Q.77 40 का 60%, 15 के $\frac{1}{5}$ से कितना अधिक है?

Ans
✔ 1. 21
✘ 2. 19
✘ 3. 15
✘ 4. 18

Q.78 ₹25,300 के कुल लाभ को P, Q और R के बीच इस प्रकार वितरित किया जाना है कि P : Q = 9 : 7 और Q : R = 3 : 12 हो। लाभ में R का हिस्सा (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✔ 1. 16,100
✘ 2. 16,150
✘ 3. 16,050
✘ 4. 16,000

Q.79 उस कस्बे की 3 वर्ष पूर्व और 2 वर्ष पूर्व की जनसंख्या में कितना अंतर होगा जिसकी वर्तमान जनसंख्या 1,40,000 है और इसमें प्रति वर्ष 25% की दर से वृद्धि हो रही है?

Ans
✔ 1. 17,920
✘ 2. 17,170
✘ 3. 18,270
✘ 4. 17,370

Q.80 भारत में पंचायती राज व्यवस्था में विकेन्द्रीकृत नियोजन को लाभप्रद क्यों माना जाता है?

Ans
✘ 1. यह निर्णय लेने की प्रक्रिया को धीमा कर देता है, जिससे विकास में बाधा उत्पन्न होती है।
✔ 2. यह स्थानीय समुदायों को आवश्यकता-आधारित विकास पहलों को तैयार करने की अनुमति देता है।
✘ 3. यह विकास नियोजन में सामुदायिक भागीदारी को सीमित करता है।
✘ 4. यह कुछ राज्य अधिकारियों के हाथों में सत्ता को केंद्रीकृत करता है।

Q.81 केरल का लोकगीत, जो बुरी प्रेतात्माओं और दुष्प्रवृत्तियां को भगाने के लिए गाया जाता है, क्या कहलाता है?

Ans
✘ 1. भाखा (Bhakha)
✘ 2. बौल (Baul)
✔ 3. भूटा (Bhuta)
✘ 4. वनावन (Wanawan)

Q.82 एक घन के कोर की लंबाइयों का योगफल उस घनाभ के कोर की लंबाइयों के योगफल के बराबर है जिसकी लंबाई, चौड़ाई और ऊंचाई 4 : 3 : 1 के अनुपात में है। यदि घन का आयतन 512 $cm^3$ है, तो घनाभ का आयतन ($cm^3$ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ 1. 299
✘ 2. 340
✘ 3. 315
✔ 4. 324

Q.83 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह दी गई शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर रखे जाने से शृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी?

PK23 OJ34 NI45 MH56 ?

Ans
✔ 1. LG67
✘ 2. LH68
✘ 3. LG68
✘ 4. LH67

Q.84 यदि संख्या 5637482 में प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक सम अंक में से 2 घटाया जाए, तो बनने वाली नई संख्या में कितने अंक एक से अधिक बार आएंगे?

Ans
1. 5
2. 2
3. 4
4. 3

Q.85 एक निश्चित कूट भाषा में,

A + B का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है',
A – B का अर्थ है कि 'A, B की बहन है',
A x B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है' और
A ÷ B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।

उपरोक्त के आधार पर, यदि 'E ÷ F – G x H + K' है, तो E का K से क्या संबंध है?

Ans
1. पत्नी का भाई
2. पत्नी का पिता
3. पुत्र की पत्नी का भाई
4. पुत्र की पत्नी का पिता

Q.86 द्वि-बीजी मूल में, जाइलम और फ्लोएम के बीच कौन-सा/से ऊतक पाया जाता है/पाए जाते हैं?

Ans
1. संयोजी ऊतक
2. त्वचारोम
3. सहायक कोशिकाएँ
4. द्वार कोशिकाएँ

Q.87 नवंबर 2025 में, एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (APEC) शिखर सम्मेलन की मेजबानी कौन-सा शहर करेगा?

Ans
1. सोल (Seoul)
2. बुसान (Busan)
3. इंचियोन (Incheon)
4. ग्योंगजू (Gyeongju)

Q.88 7 मार्च 2025 को गोविंद बल्लभ पंत की पुण्यतिथि मनाई गई, जिन्हें भारत की स्वतंत्रता के पश्चात के आरंभिक वर्षों में उनके नेतृत्व के लिए स्मरण किया जाता है। वे किस राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री थे?

Ans
1. उत्तराखंड
2. बिहार
3. मध्य प्रदेश
4. उत्तर प्रदेश

Q.89 2025 में ISRO द्वारा विकसित सेमी-क्रायोजेनिक इंजन का प्राथमिक उद्देश्य क्या है?

Ans
1. पोलर सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल (PSLV) के मुख्य चरण को शक्ति प्रदान करना
2. लॉन्च व्हीकल मार्क-3 (LVM3) के सेमी-क्रायोजेनिक बूस्टर चरण को शक्ति प्रदान करना
3. जियोसिंक्रोनस सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल (GSLV) को शक्ति प्रदान करना
4. लॉन्च व्हीकल मार्क-3 (LVM3) के ऊपरी चरण को शक्ति प्रदान करना

Q.90 सात मित्र, C, D, E, F, G, H और P, उत्तर की ओर मुख करके एक पंक्ति में बैठे हुए हैं। F और C के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। P, C के बाईं ओर ठीक बगल में बैठा है। E के दाईं ओर कोई भी नहीं बैठा है। E और P के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। H, D के दाईं ओर ठीक बगल में बैठा है। G और H के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
1. एक
2. तीन
3. दो
4. चार

**Q.91** कांग्रेस के निम्नलिखित में से किस सत्र में शस्त्र अधिनियम और वर्नाक्यूलर प्रेस अधिनियम का विरोध करते हुए प्रस्ताव पारित किया गया?

Ans
- ✗ 1. 1888 इलाहाबाद
- ✓ 2. 1885 बॉम्बे
- ✗ 3. 1887 मद्रास
- ✗ 4. 1895 पूना

**Q.92** एक व्यापारी ने ₹56,000 में एक वाटर कूलर खरीदा। वह इसके अंकित मूल्य पर 81% की छूट देता है और फिर भी 71% का लाभ अर्जित करता है। वाटर कूलर का अंकित मूल्य ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ 1. ₹5,04,000
- ✗ 2. ₹5,03,908
- ✗ 3. ₹5,03,937
- ✗ 4. ₹5,04,030

**Q.93** प्रसिद्ध नृत्य शैली 'कुचिपुड़ी' का नाम कुचेलापुरम गांव से लिया गया है, जो कहाँ स्थित है?

Ans
- ✓ 1. आंध्र प्रदेश
- ✗ 2. कर्नाटक
- ✗ 3. तमिलनाडु
- ✗ 4. केरल

**Q.94** महाराष्ट्र में एक नगरपालिका के साइनबोर्ड पर उर्दू के उपयोग से जुड़े मामले में अप्रैल 2025 में दिए गए सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सही है/हैं?
सर्वोच्च न्यायालय ने बॉम्बे उच्च न्यायालय के उस फैसले को पलट दिया जिसमें नगर निगमों के साइनबोर्डों पर उर्दू के प्रयोग पर रोक लगा दी गई थी।
न्यायालय ने कहा कि भाषा को किसी विशेष क्षेत्र के बहुसंख्यकों के धर्म को प्रतिबिंबित करना चाहिए।
पीठ ने उर्दू को भारत की गंगा-जमुनी तहजीब का हिस्सा माना और भाषाओं के प्रति पूर्वाग्रह की आलोचना की।

Ans
- ✗ 1. 1, 2 और 3
- ✓ 2. केवल 3
- ✗ 3. केवल 1 और 2
- ✗ 4. केवल 2 और 3

**Q.95** एक निश्चित कूट भाषा में, 'LINK' को '9236' और 'SINK' को '6349' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई कूट भाषा में 'S' के लिए कूट क्या होगा?

Ans
- ✗ 1. 9
- ✓ 2. 4
- ✗ 3. 3
- ✗ 4. 6

**Q.96** 4 व्यक्तियों की औसत आयु 52 वर्ष है। दूसरे समूह में 6 लोग हैं जिनकी औसत आयु 58 वर्ष है। जब दोनों समूहों को मिला दिया जाता है, तो सभी व्यक्तियों की औसत आयु कितनी है?

Ans
- ✓ 1. 55.6 वर्ष
- ✗ 2. 54.6 वर्ष
- ✗ 3. 54.9 वर्ष
- ✗ 4. 54.2 वर्ष

**Q.97** उस समूह का चयन कीजिए जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित समूह की संख्याएँ संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएँ पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)
(29, 41, 53)
(37, 49, 61)

**Ans**

✗ 1. (40, 52, 74)

✓ 2. (53, 65, 77)

✗ 3. (67, 79, 101)

✗ 4. (36, 48, 50)

**Q.98** L, M, N, O, P और W एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे निचले तल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर के तल का क्रमांक 2 है और इसी प्रकार सबसे ऊपरी तल का क्रमांक 6 है। M और N के बीच केवल तीन व्यक्ति रहते हैं, जहाँ M, N के नीचे वाले किसी तल पर रहता है। O एक विषम क्रमांक वाले तल पर और M के ठीक ऊपर रहता है। W, P के नीचे के तलों में से किसी एक पर और L के ऊपर के तलों में से किसी एक पर रहता है। P और L के बीच कितने व्यक्ति रहते हैं?

**Ans**

✓ 1. तीन

✗ 2. दो

✗ 3. एक

✗ 4. चार

**Q.99** 2024 के झारखंड विधानसभा चुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा (JMM) ने कुल निर्वाचन क्षेत्रों में से कितनी सीटें जीती?

**Ans**

✗ 1. 81 में से 30

✗ 2. 90 में से 38

✓ 3. 81 में से 34

✗ 4. 90 में से 36

**Q.100** मि. प्लेक्स बिंदु A से शुरू करते हैं और पूर्व की ओर 22 km ड्राइव करते हैं। फिर वे बाएं मुड़ते हैं, 31 km ड्राइव करते हैं, फिर बाएं मुड़ते हैं और 26 km ड्राइव करते हैं। फिर वे बाएं मुड़ते हैं और 41 km ड्राइव करते हैं। वे अंतिम बार बाएं मुड़ते हैं, 4 km ड्राइव करते हैं और बिंदु P पर रुकते हैं। बिंदु A पर फिर से पहुँचने के लिए उन्हें कितनी दूरी (सबसे छोटी दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं।)

**Ans**

✗ 1. पश्चिम की ओर 18 km

✗ 2. दक्षिण की ओर 13 km

✓ 3. उत्तर की ओर 10 km

✗ 4. पश्चिम की ओर 21 km